ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 02 मई 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 40


## पाकिस्तान ने 2 दिन बाद वाघा बॉर्डर खोला:21 पाकिस्तानी नागरिक लौटे, भारत ने PAK पीएम शरीफ, 4 क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट बंद किए



पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाए थे। आज 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गई। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे।

पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों की गोलीबारी में 26 टूरिस्ट की मौत हो गई थी।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ इतिहास रहा है, यह कोई सीक्रेट नहीं है। इससे पहले स्काई न्यूज ने गुरुवार को पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर बिलावल भुट्टो से सवाल पूछा था। ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले के बाद कहा था कि पाकिस्तान 30 साल से आतंकवादियों को फंडिंग कर रहा है।

पहलगाम की बायसरन घाटी में NIA और फोरेंसिक टीम शुक्रवार को जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं।

### राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर के शख्स को अरेस्ट किया, ISI के लिए जासूसी करने का आरोप

राजस्थान इंटेलिजेंस ने जैसलमेर के पठान खान को पाकिस्तान की ISI के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत केस दर्ज किया गया है। उसे करीब एक महीने पहले हिरासत में लिया गया था और तब से उससे पूछताछ की जा रही थी। उसे औपचारिक रूप से 1 मई 2025 को गिरफ्तार किया गया।

बताया गया कि पठान खान 2013 में पाकिस्तान गया था, जहां वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में आया। पाकिस्तान में उसे पैसों का लालच दिया गया और जासूसी की ट्रेनिंग दी गई। 2013 के बाद भी वह पाकिस्तान जाकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से मिलता रहा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ साझा करता रहा।

21 पाकिस्तानी नागरिक 2 मई को अटारी-वाघा बॉर्डर से अपने देश पहुंच गए। पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने की डेडलाइन खत्म होने के बाद ये लोग बॉर्डर पर फंसे हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के हर तरह के वीजा रद्द कर दिए थे। उन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश था।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक 1 मई को पाकिस्तान के 70 नागरिक वाघा बॉर्डर पर फंसे हुए थे।

इस बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी क्रिकेटरों बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

## SEBI ने ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ जांच शुरू की:इनसाइडर ट्रेडिंग और सेल्स में गड़बड़ी के आरोप; केंद्रीय परिवहन मंत्रालय भी दे चुका नोटिस




24 न्यूज अपडेट

SEBI ने ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोपों की जांच शुरू की है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, ओला इलेक्ट्रिक ने अक्टूबर-दिसंबर 2024 के बीच इनसाइडर ट्रेडिंग और रिलेटेड पार्टी डील्स में नियमों का उलंघन किया है।

यह मामला तब सामने आया, जब पहले ही ओला पर फरवरी 2025 की सेल्स रिपोर्ट में गड़बड़ी के आरोप लग चुके हैं। दरअसल, फरवरी 2025 में कंपनी ने दावा किया था कि उसने 25,000 इलेक्ट्रिक व्हीकल बेचे और इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में 28% मार्केट शेयर हासिल किया था। लेकिन सरकारी वेबसाइट VAHAN पर दर्ज आकड़ों के अनुसार फरवरी में ओला के सिर्फ 8,600 वाहनों का ही रजिस्ट्रेशन हुआ था। इस बड़े अंतर पर सेबी जांच कर रही है।

### केंद्रीय परिवहन मंत्रालय भी नोटिस दे चुका

इससे पहले 25 अप्रैल को केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने ओला को शो-कॉज नोटिस जारी किया था। मंत्रालय ने 7 दिन के अंदर कई अहम सवालों के जवाब मांगे थे।

## सोना 407 गिरकर 93,954 पर आया: चांदी 94,125 किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोने के दाम में आज यानी 2 मई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 407 गिरकर 93,954 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 94,361 थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 9 बढ़कर 94,125 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 94,114 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## केदारनाथ धाम के कपाट खुले:108 क्विंटल फूलों से मंदिर सजाया



केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोल दिए गए। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्र और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया।

मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म श्रृंगार हटाया गया। दैनिक भास्कर एप पर आप केदारनाथ धाम के लाइव दर्शन कर सकते हैं।

मंदिर को 54 किस्म के 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें नेपाल, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे विभिन्न देशों से लाए गए गुलाब और गेंदा के फूल शामिल हैं।

पहले दिन करीब 10 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ मैनेज करने के लिए टोकन सिस्टम से दर्शन करवाए जा रहे हैं। भक्त अब अगले 6 महीने तक दर्शन कर सकेंगे।

जून से अगस्त के बीच मौसम ठीक रहा तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।

30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुल गए हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे।

## पीएम मोदी आंध्र प्रदेश पहुंचे:58 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया; केरल में कहा था- यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ाने वाला




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे आंध्र प्रदेश के अमरावती पहुंचे। उन्होंने यहां 58 हजार करोड़ के कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही अमरावती कैपिटल सिटी के निर्माण कार्यों की रीलॉन्चिंग की।

पीएम मोदी ने कहा- अमरावती वो धरती है, जहां परंपरा और प्रगति दोनों साथ चलते हैं। जहां बौद्ध विरासत की शांति भी है और विकसित भारत के निर्माण की ऊर्जा भी है। उन्होंने कहा इस दुनिया में जो भी देश तेजी से विकसित हुए, उन देशों ने अपने रेलवे के विकास पर बहुत ध्यान दिया।

आज आंध्र प्रदेश का रेल बजट 9 हजार करोड़ से ज्यादा है। रेलवे के बढ़े हुए बजट से आंध्र प्रदेश में 8 जोड़ी वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं। यहां से अमृत भारत ट्रेन भी गुजरती है। आंध्र के 70 से ज्यादा रेलवे स्टेशन के अमृत भारत के तहत विकसित किया जा रहा है।

पीएम बोले- मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन विकास के लिए मील का पत्थर

पीएम मोदी सुबह केरल के तिरुवनंतपुरम में 8900 करोड़ की लागत से बने विझिनजाम इंटरनेशनल डीप सी-वाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट का उद्घाटन किया था। इस दौरान PM ने केरल के CM पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता शशि थरूर के मंच पर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा।

PM ने कहा- मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप INDI गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ाने वाला है। जहां मैसेज जाना था चला गया।

मोदी ने पोर्ट को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा- इस पोर्ट को 8,800 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां आने वाले समय में तीन गुना ज्यादा जहाजों का ट्रांस-शिपमेंट किया जा सकेगा और अब बड़े-बड़े माल ढोने वाले जहाज भी सीधे भारत आ सकेंगे।

## सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर 80,502 पर बंद:निफ्टी फ्लैट रहा, अडाणी पोर्ट्स का शेयर 4.11% चढ़ा; मेटल और रियल्टी शेयर्स गि




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार, 2 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर 80,502 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 12 अंक की तेजी रही, ये 24,347 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 चढ़कर बंद हुए। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 4.11%, बजाज फाइनेंस का 2.70%, SBI का 1.51% ऊपर रहे। इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, ITC, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी 1% ऊपर बंद हुए। नेस्ले इंडिया, NTPC और कोटक बैंक के शेयर में 1% से ज्यादा की गिरावट रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में मेटल, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। जबकि, IT, मीडिया और बैंकिंग शेयर में मामूली तेजी देखने को मिली।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, NH-44 बंद:प्रशासन की लोगों से अपील- हाईवे खुला या नहीं, स्टेटस चैक करके ही निकलें



जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे (NH-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-NCR, UP और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है।

दिल्ली-NCR के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक अहमदाबाद में लैंड करवाया गया।

दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

इससे पहल गुरुवार को पश्चिम बंगाल के संदकफू में ताजा बर्फबारी हुई। जम्मू में भारी बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग ने आज राजस्थान के 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले गुरुवार को जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा और पाली में आंधी के साथ बारिश हुई और कई जगह ओले भी गिरे।

शुक्रवार को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में ओले गिर सकते हैं। जबकि राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब में धूल भर आंधी चलेगी।

## दिल्ली में तूफानी बारिश :कहीं कार पेड़ पर टंग गईं, कहीं टीन शेड उड़ गए; 4 मौतें, 25 पेड़ उखड़े




दिल्ली में शुक्रवार सुबह तीन घंटे में करीब 3 इंच बारिश हुई। तेज हवा चलने से विमानों के उड़ान भरने में दिक्कत आई। 200 से ज्यादा फ्लाइट्स में देरी हुई। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 की टीन शेड टूटकर गिर गई।

वहीं लुटियंस इलाके में करीब 25 से ज्यादा पेड़ गिरे। पेड़ गिरने से गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा। कुछ गाड़ियां पेड़ की जड़ और टहनी में हवा में लटक गईं। नजफगढ़ में एक घर गिरने से चार की मौत हो गई।

अपनी क्षेत्र से सम्बन्धित समाचार हमारी मेल आई पर भेजें
desk24newsupdate@gmail.com

## संपादकीय : निर्णय की घड़ी

पुलवामा हमले को एक हफ्ते से अधिक समय गुजर चुका। इसे लेकर लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि आतंकवाद और उसे पोसने वाले पाकिस्तान पर नकेल कसने के लिए सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। घाटी में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर सरकार भी सुरक्षा को लेकर सतर्क है। उसने पचास पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया है, और ऐसे स्थलों की पहचान की जा रही है, जहां सैलानियों के लिए खतरा हो सकता है। मगर, फिर भी जन - दबाव बना हुआ है कि पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त निर्णय करने का वक्त है। मगर सरकार कोई भी कदम हड़बड़ी या उत्तेजना में नहीं उठाना चाहती है। सुरक्षा एजंसियों, सेना प्रमुखों और रणनीतिकारों के साथ लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठकें हो चुकी हैं। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद को पुनर्गठित कर दिया है। इसलिए पाकिस्तान को आशंका है कि भारत उस पर कभी भी हमला कर सकता है। मगर भारत सरकार इसे लेकर सावधानी बरत रही है, तो उसकी वजहें भी समझी जा सकती हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, उसे कड़ा सबक सिखाया ही जाना चाहिए, मगर इसका तरीका क्या हो, यह जटिल विषय है । यों तो युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं हो सकता, पर पाकिस्तान के मामले में इसे लेकर अधिक गंभीरता से विचार करने की जरूरत पड़ती है। असल मुद्दा आतंकवाद को समाप्त करना है। वह के बाद समाप्त हो जाएगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता। फिर, भारत हमेशा से युद्ध का विरोध और शांति का समर्थन करता रहा है, अगर वही पाकिस्तान के खिलाफ इसकी पहल करता है, तो उस पर सवाल उठेंगे। इसलिए सरकार तमाम पहलुओं पर ठंडे दिमाग से विचार कर रही है। एक शांतिप्रिय राष्ट्र से ऐसे ही व्यवहार की उम्मीद भी की जाती है। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि पहलगाम हमले को लेकर भारत सरकार किसी तरह का ढुलमुल रवैया अख्तियार कर रही है। पाकिस्तान से निपटने की रणनीति बनाते समय इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वहां सेना और सियासी हुकूमत समांतर सत्ता हैं। वहां की सेना ने सियासी हुकूमत से ऊपर अपनी सत्ता कायम कर रखी है। वही आतंकवाद को पोसती और भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में उसका इस्तेमाल करती है। जबकि पाकिस्तान की माली हालत इस वक्त बहुत बुरी है, आम अवाम दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी सेना का उससे कोई मतलब नहीं है, उसका मकसद केवल अपनी सत्ता कायम रखना है । छिपी बात नहीं है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी हमले करने वाले संगठनों के सरगना वहां सेना के संरक्षण में पनाह पाए हुए हैं। ऐसे में भारत को कोई भी कदम उठाने से पहले इस पहलू पर भी विचार करना पड़ता है कि चोट ऐसी जगह पढ़े, जिससे वहां की सेना और खुफिया एजेंसी को ज्यादा नुकसान हो। इसी से आतंकवाद पर भी चोट पड़ेगी। पहलगाम हमले के बाद घाटी के लोगों में भी गम और गुस्सा है, दुनिया के बहुत सारे देश पाकिस्तान की निंदा कर चुके हैं। इस तरह भारत के लिए आतंकवाद पर रणनीतिक रूप से चोट करने का अनुकूल वातावरण है।

## सुलगते सवाल

मध्य कोलकाता स्थित एक होटल में लगी आग और जान-माल के नुकसान से फिर यही जाहिर हुआ है कि अग्नि सुरक्षा के उपायों को लेकर लापरवाही का आलम बना हुआ है। आग की लपटों में संवेदना भी दम तोड़ रही है। यह कोलकाता नगर निगम की विफलता ही मानी जाएगी कि थोक बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में होटल चलाने की अनुमति दी गई। यह तस्वीर पूरे देश में दिखती है। ज्यादातर थोक मंडियों और बाजारों के आसपास नियम-कायदे ताक पर रख होटल खोलने की मंजूरी दे दी जाती है। बड़ाबाजार के जिस होटल में आग लगी, वहां अट्ठासी अतिथि ठहरे हुए थे। अगर दमकलकर्मियों ने सूझबूझ न दिखाई होती, तो ज्यादा लोगों की मौत होती । फिर भी, उसमें चौदह लोगों की मौत हो गई। इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है। आज जब आग लगते ही लोगों को सतर्क करने और आग बुझाने की अत्याधुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं, तो इन साधनों के बिना होटल का लाइसेंस कैसे मिल जाता है ? हादसे के बाद जांच का आदेश समस्या का कोई हल नहीं है। चिंता इस बात की है कि ऐसी घटनाओं से कभी सबक नहीं लिया जाता। बड़ा बाजार भीड़भाड़ वाला सघन इलाका है। वहां अनियोजित और अवैध निर्माणों की वजह से समस्या और बढ़ गई है। जिस होटल में आग लगी वहां फलों की मंडी लगती है। हैरानी है कि ऐसे भीड़भाड़ वाले इलाके में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं होटल की भीषण आग पर काबू पाने में जो मुश्किलें पेश आई, उससे जाहिर है कि वहां अग्नि सुरक्षा के मूलभूत इंतजाम नहीं थे। गर्मी के मौसम के महेनजर आग बुझाने के व्यावहारिक उपाय किए गए होते, तो होटल भट्टी में तब्दील नहीं होता। पहले भी उस इलाके में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। मगर, हैरत की बात है कि चाहे स्टीफन कोर्ट अग्निकांड हो या एएमआरआइ अस्पताल में लगी आग, उनसे कोई सबक नहीं लिया गया, जिनमें कई लोगों की मौत हो गई थी। कोलकाता के बीचों-बीच हुई इस घटना पर सवाल उठ रहे हैं, तो इसका जवाब सरकार को देना हो होगा। इससे बचा नहीं जा सकता।

# डॉ. गिरिजा व्यास पंचतत्व में विलीनः अंतिम यात्रा में जनसैलाब, नेताओं ने कहा- राजनीति में अजातशत्रु थीं दीदी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और उदयपुर की गौरवमयी बेटी डॉ. गिरिजा व्यास का शुक्रवार को अश्रुपूरित विदाई के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम सवा चार बजे दैत्य मगरी स्थित निवास से मौक्षरथ में रवाना हुई और अशोकनगर मौक्षधाम पर सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूरे मार्ग पर 'गिरिजा व्यास अमर रहें', 'जब तक सूरज चांद रहेगा, गिरिजाजी का नाम रहेगा', 'भारत माता की जय' गिरिजा तेरा यह बलिदान, याद करेगा हिन्दुस्तान,,,जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा होती रही व अंतिम दर्शन करने और आंखें नम होती रहीं। अंतिम यात्रा में न केवल उदयपुर, बल्कि दिल्ली, जयपुर, और देश के देश के कई हिस्सों से गणमान्यजन पहुंचे। घर पर अंतिम यात्रा की रवानगी के समय पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने डॉ व्यास की पार्थिव देह कंधा दिया। इससे पहले गोविंदसिंह डोटासरा, टीकाराम जूली सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में डॉ व्यास की पार्थिव देह को पार्टी का झंडा ओढ़ाया गया। वरिष्ठ नेता, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला प्रतिनिधि और आमजन ने डॉ. व्यास को अंतिम विदाई दी। कांग्रेस का झंडा ओढ़ी उनकी पार्थिव देह फूलों से सजी गाड़ी में ससम्मान श्मशान तक पहुंची। शहरवासियों ने अपनी प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए सड़क किनारे खड़े होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इससे पूर्व शुक्रवार सुबह से ही उनके दैत्य मगरी स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सुबह ही पहुंच गए। उन्होंने पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किया और गहरा शोक व्यक्त किया। अशोक गहलोत ने कहा, "गिरिजा जी का जाना कांग्रेस के लिए ही नहीं, देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा सिद्धांतों पर टिकी राजनीति की मिसाल रहीं।" डोटासरा ने उन्हें 'कांग्रेस की विचारधारा की सशक्त वाहक' बताते हुए कहा, "उन्होंने संगठन को जो मजबूती दी, वह अद्वितीय है।" जूली ने कहा, "गिरिजा जी सेवा, सादगी और सच्चाई की राजनीति का चेहरा थीं।"

उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा, "उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने न केवल राजनीति में, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी मिसाल कायम की। मेवाड़ को उन पर हमेशा गर्व रहेगा।" राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, पूर्व डिप्टी मेयर पारस सिंघवी, भाजपा अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ सहित भाजपा व कांग्रेस के कई नेता अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। सबने कहा कि दीदी पार्टीलाइन से परे अजातशु थीं। उनकी कमी कांग्रेस में व उदयपुर की राजनीति में कभी पूरी नहीं की जा सकती। इस बीच पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉक्टर सीपी जोशी भी डॉ व्यास को अंतिम नमन करने पहुंचे।

### शिक्षा से लेकर संसद तक रहीं प्रेरणा

नाथद्वारा में जन्मी गिरिजा व्यास के पिता स्वतंत्रता सेनानी और माता शिक्षिका थीं। उन्होंने उदयपुर यूनिवर्सिटी से दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर और दिल्ली यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहीं और बाद में राजनीति में कदम रखा। वे राज्य और केंद्र में मंत्री रहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्षशील आवाज बनी रहीं।

### एक हादसे से बुझ गई प्रबुद्ध चेतना

31 मार्च को गणगौर पूजन के दौरान दीपक की लौ से उनकी चुन्नी में आग लग गई थी, जिससे वे 90 प्रतिशत झुलस गईं। अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में उपचार के दौरान 1 मई की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. गिरिजा व्यास की अंतिम विदाई उदयपुर ने न केवल एक नेता को, बल्कि एक सशक्त सोच, सशक्त स्त्री और संवेदनशील राजनेता को विदा किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर जीवित रहेंगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री, प्रखर वक्ता, महिला अधिकारों की पुरजोर हिमायती और उदयपुर की गौरवमयी बेटी डॉ. गिरिजा व्यास के भाई गोपाल शर्मा ने बताया कि राजनीति में दीदी का प्रवेश भी असाधारण था। सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गिरिजा जी को राजनीति में लाने का प्रयास किया था। इमरजेंसी के समय उन्होंने विदेश में एक कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत की स्थिति पर टिप्पणी की थी, जिससे पीएमओ तक बात पहुंची। इंदिरा गांधी ने उन्हें फोन कर कहा, "आप में बहुत टैलेंट है, आप राजनीति क्यों नहीं जॉइन करतीं?" इस पर गिरिजा जी ने विनम्रता से कहा कि "मैं एक शिक्षिका हूं, मुझे पढ़ाने दीजिए। राजनीति में मेरी कोई रुचि नहीं है।"

### राजीव गांधी के आग्रह पर बदला जीवनमार्ग

बाद में राजीव गांधी के संपर्क में आने के बाद गिरिजा व्यास ने राजनीति की राह चुनी। गोपाल शर्मा के अनुसार, "राजीव जी ने बहन को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा, पर उन्होंने साफ मना कर दिया था। वे सत्ता नहीं, सेवा को प्राथमिकता देती थीं।" इसके बावजूद राजीव गांधी के विश्वास और आग्रह पर उन्होंने कांग्रेस जॉइन की और फिर वे विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचीं।












## सरला गुप्ता ने आर्य समाज विधि से करावाया अंतिम संस्कार



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ सांसद सीपी जोशी, निम्बाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी कांग्रेस के दिग्गज नेता रामलाल जाट, सीपी जोशी, फतहसिंह राठौड़ व कुबेरसिंह चावड़ा, कांग्रेस के पूर्व सांसद रघुवीरसिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ पंकज शर्मा, दिनेश खोडनिया भीमसिंह चुण्डावत, केके शर्मा, लालसिंह झाला, भाजपा पूर्व शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, कांग्रेस के विवेक कटारा, सज्जन कटारा, नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव, सहित बडी संख्या में स्थानीय नेताओ ंकी उपस्थित रही। आर्य समाज की वैदिक रीति से हुआ अंतिम संस्कार हुआ अंतिम संस्कार आर्य समाज की वैदिक रीतियों से हुआ। इसमें परिजनों ने पार्थिव देह को मुखाग्नि पर सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दीं। सबसे खास बात यह रही कि अंतिम संस्कार के मंत्र सरला गुप्ता ने पढ़े और नारी शक्ति का संदेश देने वाली गिरिजा व्यास की विदाई में भी नारी शक्ति का संदेश दिया। डॉक्टर व्यास के भतीजे ने उन्हें मुखाग्नि दी।

## सेवादल के सदस्यों ने दी अंतिम श्रद्धांजलि

**24 न्यूज अपडेट**

शवयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अशोकनगर मोक्षधाम पहुंची। जहां कांग्रेस के अग्रिम संगठन सेवादल की ओर से गिरिजा व्यास को अंतिम श्रद्धांजलि दी गई।





# अब ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करनी होगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट:स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिला और उपजिला हॉस्पिटल को जारी किए आदेश



24 न्यूज अपडेट

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी जिला हॉस्पिटल और उपजिला हॉस्पिटल में बनने वाली मेडिको लीगल (एमएलसी) और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को अब मैन्युअली न बनाकर ऑनलाइन बनाने के निर्देश दिए है। ये रिपोर्ट विभाग के बनाए पोर्टल पर ही बनेगी। अगर कोई हॉस्पिटल प्रशासन ये रिपोर्ट पोर्टल पर नहीं बनाता तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रविप्रकाश शर्मा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक पिछले दिनों मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। इस बैठक में मुख्य सचिव ने इन रिपोर्ट को मेडिकल विभाग के पोर्टल पर बनाने के निर्देश दिए थे। इन्ही निर्देशों की पालना में 1 मई से ऑनलाइन रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए है। इन रिपोर्ट को ऑनलाइन पोर्टल पर बनाने के बाद संबंधित थानों को भी ऑनलाइन ही भेजी जाएगी, ताकि रिपोर्ट की गोपनियता बनी रहे।

### अगल से नियुक्त होगा स्टाफ

इन रिपोर्ट को बनाने के लिए हॉस्पिटल में अलग से कम्प्यूटर ऑपरेटर, कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट समेत अन्य संसाधन लगाने के निर्देश दिए है। ताकि ये काम पोर्टल पर ऑनलाइन हो सके।

### ऑनलाइन नहीं बनाने पर कार्यवाही की चेतावनी

निदेशक से जारी निर्देश में सभी जिला हॉस्पिटल और उप जिला हॉस्पिटल प्रशासन को ये रिपोर्ट पोर्टल के जरिए ऑनलाइन ही बनाने के लिए कहा है। अगर कोई ऑनलाइन न बनाकर ऑफलाइन बनाता है तो उस हॉस्पिटल के पीएमओ और मेडिकल जूरिस्ट के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# नीट छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म: 10 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन




24 न्यूज अपडेट

शहर में नीट की छात्रा के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद से ही आरोपी फरार है. घटना के 10 दिन बीतने के बाद भी एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. इससे आक्रोशित निजी कोचिंग की छात्राओं और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शहर के गांधी पार्क के पास प्रदर्शन किया. छात्रों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. उन्होंने प्रशासन व वन मंत्री से पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की है.

गौरी देवी कॉलेज की एबीवीपी इकाई की अध्यक्ष अनुष्का चौधरी ने कहा कि पीड़िता के साथ हुई घटना का दर्द पीड़िता ही जान सकती है. हम तो पीड़िता का सिर्फ दुख बांट सकते हैं. पीड़िता के साथ घटना हुए 10 दिन बीत गए हैं, लेकिन अभी तक आरोपी पकड़े नहीं गए. उन्होंने कहा कि लड़कियों, महिलाओं के हित में कोई कानून बने. आए दिन महिलाओं व लड़कियों के साथ दरिंदगी की खबरें आती हैं. उन्होंने अलवर शहर विधायक व प्रदेश सरकार में वन मंत्री संजय शर्मा से मांग की कि वह इस प्रकरण पर लोगों के मन में उठ रहे सवालों के जवाब दें. अनुष्का ने कहा कि 4 मई को पीड़िता का पेपर है. उसकी साल दो साल की मेहनत पर इस घटना ने पानी फेर दिया. जबकि आरोपी खुले में घूम रहे हैं. निजी कोचिंग संचालक के पी यादव ने कहा कि देश में इस तरह की घटनाएं पुलिस की कार्यशैली व लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करती हैं. उन्होंने कहा कि ऐसी घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को कठोर दंड मिलना चाहिए. प्रदर्शन में शामिल गरिमा गुप्ता ने कहा कि देश में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ती रहीं और महिलाओं को न्याय नहीं मिला, तो आने वाले समय में महिलाएं शस्त्र उठाने को मजबूर होंगी. देश में महिलाओं की सुरक्षा कोई नहीं कर सकता, तो वह खुद अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र उठा सकती हैं.

गौरतलब है कि भिवाड़ी की एक छात्रा अलवर में रहकर नीट की तैयार कर रही थी. जिसे गत 22 अप्रैल को दोपहर में कुछ युवक ऑटो में अगुवा कर ले गए और सुनसान जगह लेजाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके बाद आरोपी पीड़िता को एक हॉस्पिटल के पास छोड़ कर फरार हो गए. इस घटना की एफआईआर पीड़िता के पिता ने 29 अप्रैल को एनईबी थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है. जांच अधिकारी पूनम चौहान ने बताया कि इस प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है. इसके लिए दो अलग अलग टीमों का भी गठन किया गया है.

# जाति जनगणना को लेकर कानून मंत्री मेघवाल बोले-पीएम सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना के निर्णय का समर्थन किया है. इस निर्णय को सामाजिक न्याय के संदर्भ में देखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं. जातिगत जनगणना का निर्णय उनकी सोच को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि इस मामले में 2013 में ही संसद में काफी बहस हो चुकी है.

मेघवाल शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. जब उनसे पूछा गया कि क्या यह निर्णय कांग्रेस के दबाव में लिया गया? इस पर मेघवाल ने कहा कि वर्ष 2013 में सदन में इस बारे में काफी बहस हुई थी. वर्ष 2011 की जनगणना में भी जातियों की जानकारी ली गई थी और उस समय भाजपा विपक्ष में थी और यूपीए की सरकार थी. राहुल गांधी सदन के सदस्य थे. सोनिया गांधी भी यूपीए की चेयरपर्सन थी. विपक्ष यानी कि भाजपा की ओर से गोपीनाथ मुंडे ने उस वक्त सदन में जातिगत जनगणना की बात उठाई थी, लेकिन तब की यूपीए सरकार ने एक बार भी जातियों के आंकड़े जारी नहीं किए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय के सिद्धांत में विश्वास करते हैं. वे चाहते हैं कि शोषितों, पीड़ितों व वंचितों को न्याय मिले. इसी को लेकर जातीय जनगणना का निर्णय किया गया है.

**पाकिस्तान में खुद की सरकार का विरोध:** कश्मीर के पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद की हालात पर केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है. पहले भी पाकिस्तान से हालात तनावपूर्ण रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद पाकिस्तान के लोग संभावित कार्रवाई के डर से पाकिस्तान में खुद की सरकार का विरोध कर रहे हैं.

**अखिलेश ने किया बाबासाहेब का अपमान:** यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर बाबासाहेब का अपमान करने का आरोप लगाते हुए मेघवाल ने कहा कि सपा के पोस्टर में आधा चेहरा अखिलेश और आधा चेहरा बाबा साहेब का लगाकर अंबेडकर का अपमान किया गया है. उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कभी भी बाबा साहेब के सिद्धांत को नहीं माना. यहां तक कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने तो पदोन्नति में आरक्षण को खत्म करने का काम किया और यूपी में कई अधिकारियों का डिमोशन हुआ.

## मंदिर में पूजा करते-करते किराना व्यापारी की मौत, अजमेर में भगवान को जल चढ़ाते समय अचानक जमीन पर गिर गए



24 न्यूज अपडेट

अजमेर के झूलेलाल मंदिर में पूजा करते समय किराना व्यापारी की मौत हो गई। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें व्यापारी पूजा करते-करते अचानक जमीन पर गिर जाते हैं। घटना 29 अप्रैल को आशा गंज में हुई। इसका सीसीटीवी 2 मई को सामने आया। पूर्व पार्षद सुनील मोतियानी ने बताया- आशा गंज, चांद बावड़ी निवासी मनोहर दास (55) 29 अप्रैल को मनोहर दास सुबह 8:30 से 9 बजे के बीच झूलेलाल मंदिर गए थे। मंदिर में पूजा करते-करते वे अचानक जमीन पर गिर जाते हैं। वहां मौजूद महिला ने उन्हें गिरे हुए देखा तो लोगों को सूचना दी। सूचना पर उनकी पत्नी और भतीजा मौके पर आए और हॉस्पिटल लेकर गए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि साइलेंट अटैक से उनकी मौत हुई।

समाज सेवी नानक गजवानी ने बताया-मनोहर दास अपने घर के बाहर ही किराना की दुकान चलाते थे। उन्हें 2 महीने पहले सांस लेने में तकलीफ हुई थी। इलाज के बाद वे स्वस्थ हो गए थे। घटना को लेकर परिजनों से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने इनकार कर दिया।

## दिल्ली से 2 फ्लाइट डायवर्ट होकर जयपुर पहुंची:कोलकाता-जयपुर फ्लाइट लगातार दूसरे दिन भी हुई रद्द



24 न्यूज अपडेट

जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को फ्लाइट शेड्यूल गड़बड़ा गया। दिल्ली में खराब मौसम की वजह से जहां पुणे और बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली दो फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। वहीं, आज लगातार दूसरे भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से कोलकाता और कोलकाता से जयपुर फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। दरअसल, शुक्रवार सुबह दिल्ली में आंधी की वजह से विजिबिलिटी काफी कम हो गई। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने पुणे से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI - 2608 को आखिरी वक्त पर जयपुर एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह बेंगलुरु से दिल्ली जा रही फ्लाइट को भी जयपुर एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया है। ऐसे में दोनों फ्लाइट में सवार पैसेंजर्स फिलहाल जयपुर में दिल्ली का मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे है। ताकि फिर से दोनों फ्लाइट्स दिल्ली के लिए उड़ान भर सके।

# जयपुर में गला घोंटकर पत्नी की हत्या : प्लास्टिक कट्टे में बांध छिपाई लाश, घर जाकर बच्चों के पास सोया




24 न्यूज अपडेट

जयपुर में पति के अपनी ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। लाश को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर कबाड़ गोदाम में छिपा दिया। पत्नी की हत्या के बाद घर पर बच्चों के साथ जाकर सो गया। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने लाश मिलने पर एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में पति को राउंडअप किया है। पूछताछ में गृहक्लेश के चलते झगड़ा होने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करना कबूल किया है।

ACP (चौमूं) अशोक चौहान ने बताया- विश्वकर्मा के बढारणा गांव में कबाड़ गोदाम में फरीन कुरैशी (27) की लाश अर्धनग्न हालत में मिली है। वह अपने पति मोहम्मद अकील कुरैशी (36) और दो बच्चों के साथ हरिजन बस्सी भट्टाबस्ती में रहती थी। पिछले करीब डेढ़ साल से उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी पति मोहम्मद अकील कुरैशी बढ़ारणा गांव में कबाड़ गोदाम पर काम कर रहा था। हत्या की प्लानिंग के तहत गुरुवार सुबह करीब 10 बजे कबाड़ गोदाम पर अकील अपनी पत्नी फरीन को लेकर पहुंचा। पुलिया के नीचे सुनसान जगह पर बने गोदाम के पास पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

### लाश को कट्टे में डाल छिपाया

फरीन को मारने के बाद अर्धनग्न हालत में शव को प्लास्टिक के कट्टे में डालकर ऊपर से सील दिया। जिसके बाद दूसरे कट्टे में लाश को बांधकर कबाड़ गोदाम के पिछले हिस्से में करीब 30 मीटर अंदर ले गया। वहां पड़े प्लास्टिक के कट्टों के बीच गड्ढे में लाश को डालकर छिपा दिया। देर शाम अकील घर जाकर अपने दोनों बच्चों के साथ सो गया। अकील ने अपने दोस्त को पत्नी फरीन की हत्या की बात बताई थी। कहा था कि वह पुलिस में सरेंडर करना चाहता है।

### अर्धनग्न हालत में मिली लाश

शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे पुलिस को कबाड़ गोदाम में लाश होने का पता चला। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर फरीन की लाश को अर्धनग्न हालत में बरामद किया। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने तुरंत पति को राउंडअप किया। पूछताछ में पति ने गृहक्लेश के चलते पत्नी फरीन की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

### परेशान हो गया था

पूछताछ में आरोपी अकील कुरैशी ने गृहक्लेश के चलते परेशान होने पर हत्या का कदम उठाना बताया है। रोज-रोज के झगड़े से परेशान होकर प्लानिंग के तहत गुरुवार सुबह पत्नी को अपने साथ वहां लेकर गया था। गला घोंटकर हत्या के बाद शव को प्लास्टिक कट्टे में डाला। बुर्खा व कपड़ों की बजह से लाश प्लास्टिक कट्टे में नहीं आ रही थी। इसके चलते उसने लाश के पहने कपड़े उतारे और अर्धनग्न हालत में कट्टे में डालकर सील दिया। पत्नी की हत्या को लेकर वह रातभर बैचेन रहा।

# दीर्घकालिक पाकिस्तानी वीजाधारकों को एफआरआरओ पोर्टल पर नए सिरे से करना होगा आवेदन, 10 मई से पोर्टल पर उपलब्ध होगा आवेदन, 10 जुलाई तक खुला रहेगा

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 2 मई। पाकिस्तानी नागरिकों की दीर्घकालिक वीजा नीति के संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिक जिनके पास दीर्घ अवधि का वीजा (एलटीवी) है और जिन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की है। ऐसे व्यक्तियों को अब सत्यापित दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रॉनिक विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (e-FFRO) के पोर्टल पर नए सिरे से आवेदन करना होगा

पुलिस महानिरीक्षक(सुरक्षा) राजस्थान डॉ विष्णुकांत ने बताया कि गृह मंत्रालय विदेशी-I विभाग के अवर सचिव श्री प्रताप सिंह रावत के द्वारा 28 अप्रैल 2025 को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं जिसके अनुसार विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 3 (1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए और मंत्रालय के आदेश दिनांक 25 अप्रैल, 2025 को जारी रखते हुए, जिसके द्वारा उक्त आदेश के तहत सभी दीर्घकालिक वीजा धारकों को उनके वीजा के निरसन से छूट दी गई थी। उपरोक्त निर्णय पर सरकार द्वारा विचार किया गया है और सरकार ने अब निर्णय लिया है कि ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिक जिनके पास दीर्घकालिक वीजा है और जिन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की है, उन्हें निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रॉनिक विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (e-FRRO) पोर्टल (https://indianfrro.gov.in) पर नए सिरे से आवेदन करना होगाः

(i) उनके वैध दीर्घकालिक वीजा प्रमाण पत्र की प्रति

(ii) नवीनतम तस्वीर (सफेद पृष्ठभूमि के साथ पासपोर्ट का आकार)

(iii) नवीनतम पते के प्रमाण की प्रति

(iv) पेशे/व्यवसाय व धर्म का विवरण

(v) यदि भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया गया है, तो आवेदन पत्र की एक प्रति।

डॉ. विष्णुकांत ने बताया कि आदेश के अनुसार दीर्घकालिक वीजा के लिए पुनः आवेदन करने के लिए आवेदन पत्र 10 मई 2025 से उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध होगा और 10 जुलाई 2025 तक खुला रहेगा। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक का दीर्घकालिक वीजा, जो उक्त अवधि में फिर से आवेदन करने में विफल रहता है, रद्द कर दिया जाएगा।

# खेल-खेल में गई जान! संदूक में दम घुटने से दो मासूम भाइयों की दर्दनाक मौत, मजदूरी पर गई थी मां



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. जिले की पीसांगन तहसील के नाथुथाला गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया. गांव की एक विधवा महिला के दो मासूम बेटे खेलते-खेलते संदूक में जा छिपे, लेकिन ढक्कन बंद हो जाने से दोनों की दम घुटने से मौत हो गई.

एएसपी ग्रामीण दीपक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. प्रारंभिक जांच में यह एक दुखद दुर्घटना प्रतीत हो रही है. बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है. मामले की जांच जारी है.

गांव के सरपंच कल्लू चीता ने बताया कि नाथुथाला गांव निवासी लाडली खातून अपने दो बच्चों, 6 वर्षीय साबिर चीता और 4 वर्षीय समीर चीता के साथ रहती थी. पति के निधन के बाद वह मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही थी. गुरुवार को भी वह रोज़ की तरह मजदूरी पर चली गई थी और दोनों बच्चे घर पर अकेले थे.

बच्चे खेलते-खेलते घर में रखे एक बड़े लोहे के संदूक में जा छिपे. खेल में मगन बच्चों को इस बात का अंदाजा नहीं था कि संदूक का ढक्कन ऊपर से बंद हो सकता है. दुर्भाग्यवश ढक्कन बंद हो गया और बच्चे अंदर ही फंस गए. पर्याप्त ऑक्सीजन न मिलने के कारण संदूक के भीतर ही दोनों बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई. शाम को जब लाडली खातून घर लौटी तो बच्चों को ढूंढने लगी. काफी खोजबीन के बाद जब संदूक खोला गया तो दोनों बच्चे अचेत अवस्था में पाए गए. ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत पीसांगन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.

# सड़क पर दौड़ रही थी एक नंबर की दो बसें जब्त, इन पर दस लाख टैक्स बकाया




24 न्यूज अपडेट

परिवहन विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कारवाई करते हुए एक ही नंबर की सड़क पर दौड़ रही दो निजी बसों को सीज किया. RTO इंस्पेक्टर रोबिन सिंह की अगुवाई में तारानगर में हुई इस कारवाई के बाद निजी बस चालकों में हड़कंप मच गया.

RTO इंस्पेक्टररोबिन सिंह ने बताया कि लम्बे समय से तारानगर से ढ़ाणा रूट पर एक नंबर की तीन निजी बसों के सड़कों पर दौड़ने की शिकायत मिल रही थी. शुक्रवार को कारवाई के दौरान दो बस एक ही नंबर की मिली. तीसरी बस की अभी तलाश की जा रही है. रोबिन ने बताया कि सीज दोनों निजी बसों पर करीब दस लाख रुपए का टैक्स बकाया है. सीज बसें अब चूरू परिवहन विभाग में खड़ी कराई गई हैं.

**अब तक सरकारी गाड़ी देखकर बच निकलते थे :** RTO इंस्पेक्टर रोबिन सिंह ने बताया अब तक कार्रवाई के दौरान सरकारी गाड़ी देखकर आरोपी बच निकलते थे, लेकिन शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान हमने निजी गाड़ी की सहायता ली. इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ निजी गाड़ी से कार्रवाई करने पहुंचे तो बस चालक बच नहीं सके. इंस्पेक्टर रोबिन सिंह ने बताया कि चूरू जिले में ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. इन फर्जी बसों में मोटर मालिक आमजन को यात्रा करवा रहे थे, अगर ऐसे में कोई बड़ा हादसा होता तो उसका जिम्मेदार कौन होता?.

# सांसद हनुमान बेनीवाल को जयपुर पुलिस ने हिरासत में लिया:RPSC पुनर्गठन और सब-इंस्पेक्टर भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर सीएम आवास कर रहे थे कूच


24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन और सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने समेत युवाओं की लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री आवास की और कूच किया। इस दौरान जयपुर पुलिस ने उन्हें कमिश्नरेट के बाहर रोक लिया। यहां बेनीवाल पहले अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इसके बाद वह जैसे ही बेनीवाल अपने समर्थकों के साथ कूच करने के लिए आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है।

फिलहाल जयपुर पुलिस हनुमान बेनीवाल और उनके समर्थकों को सांगानेर सदर थाने लेकर पहुंची है। जहां बेनीवाल और उनके समर्थक सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं।

### सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही

सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा- पिछले 7 दिनों से हम राजस्थान लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन और सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा रद्द करने जैसे युवाओं की मांगों को लेकर जयपुर में धरना दे रहे हैं। सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के दो सदस्य जेल में है। सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के फर्जी अभ्यर्थियों को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप लगातार पड़ रही है। सरकार के मंत्रियों के नाम आने के बाद सरकार इस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।

### कांग्रेस कार्यकाल की भर्तियों की सीबीआई जांच हो

बेनीवाल ने कहा- पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जितनी भी भर्तियां हुई थी। उन सब में धांधली हुई है। हम चाहते हैं कि उन सब की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। राजस्थान में शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। विश्वविद्यालय को फर्जी तरीके से जमीन दी जा रही है। फर्जी डिग्रियां बांटी जा रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनी थी। लेकिन राजस्थान के भजनलाल सरकार पिछले डेढ़ साल से इन मुद्दों पर मौन साधे बैठी है।

उन्होंने कहा- जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी। आज जो मंत्री सत्ता में बैठे हैं, उन्हीं लोगों ने कसमें खाई थी कि हम कांग्रेस राज में हुई भर्ती परीक्षाओं को रद्द करेंगे। इसी बात को लेकर आज मैं मुख्यमंत्री आवास जाना चाह रहा था। मैं मुख्यमंत्री और मंत्रियों को उनके वादों को याद दिलाता। लेकिन सरकार के दबाव में पुलिस ने हमें पहले ही रोक दिया। हम डरेंगे नहीं बल्कि अगली बार और ज्यादा संख्या में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

# बांसवाड़ा पहुंचे राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े:वर्कशॉप में बोले- नई शिक्षा नीति से ही नए भारत का निर्माण होगा



24 न्यूज अपडेट

नई शिक्षा नीति को लेकर बांसवाड़ा में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े बांसवाड़ा पहुंचे। राज्यपाल ने गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन में शिक्षक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में कहा- नई शिक्षा नीति से ही नए भारत का निर्माण होगा।

**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा-** जो शिक्षा नीति बनाई वो एक-दो दिन या महीनों में नहीं बनी। इसे बनाने में 400 कुलगुरु सहित 1400 शिक्षाविद् की समिति बनी। उन्होंने यह नीति बनाई। यह नीति गांव-गांव तक पहुंचे, इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई है। कई संस्था यह काम कर रही हैं। बांसवाड़ा में यह कार्यशाला हो रही है, इसकी सफलता की कामना करता हूं।

उन्होंने कहा- शिक्षा देने वाले को खुद में ज्ञान भरा नहीं रखना चाहिए, उसे बांटना चाहिए, बाहर निकालना चाहिए। पानी बहता अच्छा लगता है। स्थिर पानी खराब होता है। इसलिए ज्ञान का भी प्रवाह करो। जितना स्टूडेंट्स को ज्यादा देंगे वो इतना ही अपने दिमाग में भरेगा। हमें ज्ञान वाले बच्चों का निर्माण करना है। नया भारत बनाना है।

नई शिक्षा नीति का उद्देश्य नागरिकों को भारतीय बनाना

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव अतुल कोठारी ने कहा- शिक्षा नीति देश में तीसरी बार आई है। शिक्षा नीति 2020 की अलग विशेषता है। इसका उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण है कि जो विचार-भौतिकता के साथ कार्य व्यवहार के साथ भारतीय बनें। यह भारत केंद्रित भारत की शिक्षा नीति है।

आज देश की समस्या की जड़ यह है कि हम जितने भारतीयता से दूर गए, समस्या बढ़ती गई। शिक्षा देश की नींव होती है। जब भारत विश्व गुरु था तब भारत में कई विश्वविद्यालय थे। पुराने भारत का निर्माण करना है तो आधार शिक्षा ही है। इसी को ध्यान में रखकर यह शिक्षा नीति बनी है। अब इस नीति का क्रियान्वयन करना हमारी जिम्मेदारी है।

### उद्यान-जनजातीय संग्रहालय का निरीक्षण किया

इससे पहले राज्यपाल ने उद्यान का निरीक्षण किया। बाद में जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और कुलगीत के साथ की गई। बांसवाड़ा पहुंचने पर राज्यपाल का सर्किट हाउस में कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव, एसपी हर्षवर्धन अगरवाला और कुलपति केएस ठाकुर ने स्वागत किया। विश्वविद्यालय में एनसीसी स्टूडेंट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# जनसुनवाई में मिली राहत, महिला को मिला आवास योजना में स्थान


24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 2 मई। पंचायत समिति गंगरार की ग्राम पंचायत सादी में आयोजित जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की मिसाल बन गई। इस जनसुनवाई में ग्राम सादी निवासी श्रीमती लादी देवी पत्नी श्री नानालाल तेली ने अपनी परिवेदना रखते हुए बताया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सूची में नहीं है एवं उन्हें शौचालय अनुदान भी प्राप्त नहीं हुआ है। जिला कलक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही ग्राम पंचायत को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्रार्थिया के घर का स्थलीय निरीक्षण कर उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थाई प्रतीक्षा सूची में शामिल करें। साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2012 की बेसलाइन सर्वे सूची के अनुसार उनका आवेदन तुरंत ऑनलाइन किया गया।

# वाहनों के पंजीयन नम्बर पर अपना मोबाइल नम्बर अपडेट कराने हेतु विशेष अभियान

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 02 मई। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा वाहनों के पंजीयन नम्बर पर अपना मोबाइल नम्बर अपडेट कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ ने बताया की इसमें वाहन स्वामी के आधार कार्ड में जुड़े नम्बर को अपडेटेड किया जा सकता है। वाहन स्वामी द्वारा वाहन सिटीजन पोर्टल पर वाहन स्वामित्व हस्तान्तरण, चालान, एच.पी.एन./एच.पी.टी.सी.आर., नवीनीकरण, डुप्लीकेट, ऑनलाईन भुगतान, अल्ट्रेशन, एन.ओ.सी., कर चुकता प्रमाण पत्र, आर.सी. पर्टीकुलर, वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र इत्यादि सेवाओं के आवेदन वाहन स्वामी द्वारा स्वयं के पंजीकृत मोबाईल पर ओ.टी.पी. प्राप्त कर किये जा सकते है। उन्होंने बताया कि वाहन संबंधित समस्त कार्यों हेतु फेसलेस सुविधायें वाहन पोर्टल पर उपलब्ध है। जन साधारण की सुविधा उक्त सभी कार्य ऑनलाईन होने से कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित की अनिवार्यता नहीं रहेगी। आमजन द्वारा राज्य सरकार की ऑनलाईन सेवाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# सांवलिया सेठ के भंडार से फिर टूटा रिकॉर्ड:25 करोड़ का चढ़ावा निकला-5 राउंड में हुई काउंटिंग, 1KG सोना-95KG चांदी मिली


24 न्यूज अपडेट

मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलिया सेठ मंदिर में श्रद्धालुओं की भक्ति एक बार फिर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है। 26 अप्रैल को खोले गए भंडार से निकली राशि की 5 राउंड में काउंटिंग खत्म हो गई। अप्रैल महीने में ही भंडार, ऑनलाइन और मनीऑर्डर के जरिए कुल 25 करोड़ 13 लाख 64 हजार 699 रुपए की राशि मंदिर को प्राप्त हुई है, जो कि अब तक का रिकॉर्ड है। इससे पहले सबसे ज्यादा राशि दिसंबर महीने में 23 करोड़ 19 लाख 8 हजार 764 रुपए प्राप्त हुए थे।

### 26 अप्रैल से शुरू हुई थी गिनती

सांवरा सेठ के भंडार की गिनती का काम 26 अप्रैल से शुरू किया गया। हर रोज चरणबद्ध तरीके से रुपयों की गिनती की गई, जिसमें मंदिर ट्रस्ट, बैंक और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अब तक 5 चरणों में कुल 22 करोड़ 06 लाख 8 हजार 761 रुपए की गिनती हो चुकी है। पांचवें चरण की गिनती 1 मई गुरुवार को सम्पन्न हुई, जिसमें कुल 40 लाख 58 हजार 761 रुपए प्राप्त हुए।

सांवरा सेठ के भंडार से हर दिन निकली राशि इस तरह रहीः

26 अप्रैलः 10 करोड़ रुपए

28 अप्रैलः 3 करोड़ 73 लाख 70 हजार रुपए

29 अप्रैलः 3 करोड़ 76 लाख 30 हजार रुपए

30 अप्रैलः 4 करोड़ 15 लाख 50 हजार रुपए

1 मईः 40 लाख 58 हजार 761 रुपए

हालांकि 27 अप्रैल रविवार को काउंटिंग नहीं हुई। इन 5 दिनों में कुल 22 करोड़ 06 लाख 8 हजार 761 रुपए नकद प्राप्त हुए। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह राशि पिछले सालों की तुलना में कहीं ज्यादा है, जो श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को दर्शाती है।

### ऑनलाइन और मनीऑर्डर से भी करोड़ों की भेंट

यह सिर्फ नकद भेंट ही नहीं, बल्कि डिजिटल माध्यमों से भी भक्तों ने श्रद्धा जताई है। ऑनलाइन ट्रांसफर और मनीऑर्डर के जरिए कुल 3 करोड़ 7 लाख 55 हजार 938 रुपए मंदिर को प्राप्त हुए हैं।

### भेंट का रिकॉर्ड टूटा

इस तरह अप्रैल महीने में कुल नकद और डिजिटल भेंट मिलाकर 25 करोड़ 13 लाख 64 हजार 699 रुपए की राशि एकत्रित की गई। यह आंकड़ा सांवरा सेठ की ख्याति, श्रद्धालुओं की भक्ति और मंदिर ट्रस्ट की पारदर्शिता का प्रतीक बन चुका है। इससे पहले एक महीने का सबसे ज्यादा अमाउंट दिसंबर महीने में 23 करोड़ 19 लाख 8 हजार 764 रुपए के रूप में मिले थे। जबकि इस बार सारे रिकॉर्ड टूट गए।

### सोना-चांदी की भी भरपूर भेंट

सिर्फ नकद राशि ही नहीं, बल्कि इस बार चढ़ावे में सोना-चांदी भी भरपूर मात्रा में आया है। मंदिर के भंडार से कुल 987 ग्राम सोना और 49 किलो 330 ग्राम चांदी प्राप्त हुई।

वहीं, भेंट कक्ष से 87 ग्राम 650 मिलीग्राम सोना और 46 किलो 137 ग्राम 5 मिलीग्राम चांदी निकाली गई। इस तरह कुल मिलाकर अप्रैल महीने में सांवरा सेठ को चढ़ावे में 1074 ग्राम 650 मिलीग्राम सोना और 95 किलो 467 ग्राम 5 मिलीग्राम चांदी प्राप्त हुई।

# ब्राह्मणों का कलवाना में यज्ञोपवित और सामूहिक विवाह समारोह, भगवान परशुराम की 21 फीट मूर्ति व 51 फीट फरसे की स्थापना हेतु भूमि पूजन


24 न्यूज अपडेट

गोगुंदा/सायरा। उदयपुर जिले की सायरा तहसील के ग्राम ब्राह्मणों का कलवाना में रविवार को अखिल भारतीय नागदा पुरोहित ब्राह्मण समाज महासंघ के तत्वावधान में भव्य सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार एवं विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा और 51 फीट लम्बे फरसे की स्थापना हेतु भूमि पूजन भी विधिपूर्वक किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश जोशी ने बताया कि समारोह में 101 बटुकों को वैदिक विधि-विधान से उपनयन संस्कार के अंतर्गत यज्ञोपवित धारण करवाया गया। साथ ही समाज के 9 जोड़ों का वैदिक रीति से सामूहिक विवाह भी सम्पन्न हुआ। यह आयोजन ब्राह्मण समाज की एकता, परंपरा और संस्कारों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा और प्रतीकात्मक फरसे की स्थापना के लिए भूमि पूजन समारोह भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन सूरत महानगर अध्यक्ष घनश्यामलाल सेवक और मीठालाल पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महासंघ के संरक्षक व शास्त्री पंडित परशुराम जोशी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवित संस्कार सम्पन्न कराया गया।

### उपस्थिति रही प्रभावशाली

समारोह में महासंघ अध्यक्ष मांगीलाल पुजारी, जागेश्वर मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोशी, पदमनाथ मंडल अध्यक्ष मोहन नागदा (सेमड), नागदा ब्राह्मण समाज के राजेश जोशी (कलवाना), पुखराज पुजारी (पलासमा), नारायणलाल बटेरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष करण जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव की भावना देखने को मिली।

# विद्यापीठः- पीएचडी प्रवेश परीक्षा सम्पन्न, 261 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा


24 न्यूज अपडेट

उदयपुर . जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय ) की ओर से शुक्रवार को प्रतापनगर परिसर स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए बताया कि एज्यूकेशन, आरक्यिोलॉजी, इकोनोमिक्स, भूगोल, विधी, अंग्रेजी, कम्प्यूटर साईंस, होम्यौपेथी, फिजियोथेरेपी, म्यूजिक, योगा, संस्कृत, सोशल वर्क, मैनेजमेंट सहित विभिन्न विषयों में 261 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। एक-एक घंटे के दो पेपर हुए पहला पेपर सभी का समान था जबकि दूसरा पेपर विद्यार्थी के सम्बंधित विषय का हुआ। पीजी डीन प्रो. जीएम मेहता, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. संजय चौधरी, डॉ. यज्ञ आमेटा आदि ने परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित कराने में सहयोग दिया।

# जिला कलक्टर ने किया विद्यालय, आंगनबाड़ी और उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण


24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 2 मई। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शुक्रवार प्रातः गंगरार पंचायत समिति की शादी ग्राम पंचायत में विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, मिड-डे मील योजना, नरेगा कार्यों, पौधारोपण एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के तहत कलक्टर ने शादी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नया तालाब उच्च प्राथमिक विद्यालय, सोनियाणा गांव का विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गत वर्ष किए गए पौधारोपण की स्थिति का भी अवलोकन किया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई का स्तर परखा तथा मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बच्चों को स्वच्छ एवं पोषक भोजन उपलब्ध कराने तथा विद्यालय परिसर की सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने दवाइयों की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की और चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उदयपुर में मां बगलामुखी मंदिर में 3 से 5 मई तक वृहद धार्मिक आयोजन, यज्ञ-हवन व भजन संध्या होगी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में भूपालपुरा में स्थापित मां बगलामुखी मंदिर पर 3 से 5 मई तक वृहद स्तर पर धार्मिक आयोजन होंगे। 5 मई को भव्य भजन संध्या का भी आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी संजय उपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि भूपालपुरा में रोड नंबर डी 1 पर स्थित मां पितांबरा निवास पर समस्त धार्मिक आयोजन होंगे। यहीं पर मां बहलामुखी का मंदिर स्थापित है। श्री उपाध्याय ने बताया कि 3 मई शनिवार को प्रातः सवा सात बजे से विभिन्न धार्मिक आयोजन शुरु हो जाएंगे जो 5 मई तक चलेंगे। 3 मई को सुबह हेमाद्रि स्नान, पंचांगकर्म, श्रीलक्ष्मी गणपति कुंकुमादि अर्चन एवं मण्डपादि देवता आह्वान पूजन कार्यक्रम होंगे। यह सभी विशिष्ट प्रकार की पूजा होती है जिसे कुशल पंडित ही पूरा करवा सकते हैं। 4 मई रविवार को प्रातः 8 बजे रुद्राभिषेक, देवी बगलामुखी पूजन हरिद्रार्चन, मोदकार्चन होंगे तथा दोपहर यज्ञ आरम्भ होगा जो शाम तक चलेगा। खास बात यह है कि इस यज्ञ के साथ कोई भी व्यक्ति विशेष अभिषेक करवा सकता है जिसकी व्यक्तिगत या घरेलू कोई समस्या है जिसका वह निवारण चाहता है। यज्ञ आचार्य अभिषेक व्यास ने बताया कि मान्यता है कि इस अभिषेक से व्यक्ति की हर परेशानी दूर होती है। यज्ञ में बैठने वाले जजमान को केवल अभिषेक सामग्री साथ लानी होगी। यज्ञ सामग्री आयोजकों द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। अंतिम दिन सोमवार को प्रातः 8 बजे प्रधान देवता हवन के साथ दोपहर के अभिजित मुहूर्त में 12.15 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति होगी तथा महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को सवा सात बजे से एक शाम मां बगलामुखी और खाटू श्याम के नाम भव्य भजन संध्या होगी। इसमें प्रख्यात भजन कलाकार माही जोशी, सुभाष गर्ग व कुमार दीप अपने भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तिमय माहौल बनाएंगे। श्री उपाध्याय ने बताया कि यह पूरा आयोजन पूज्य गुरुदेव कृष्णानंदजी खाचरोद आशीर्वाद से संपन्न होगा।

### उदयपुर में सन 2000 से मां का मंदिर

श्री उपाध्याय ने बताया कि उदयपुर में मां बगलामुखी माता जी का मंदिर सन् 2000 में स्थापित किया गया था, तभी से यहां नियमित पूजा की जा रही है। साल की दोनों नवरात्रि पर यहां विशेष व अत्यंत कठिन तप वाली पूजा होती है जिसमें लगातार 10-12 घंटे तक बैठकर पाठ इत्यादि होते हैं।

### हजारों लोगों की समस्या का निवारण

श्री उपाध्याय ने बताया कि मां बगलामुखी के इस मंदिर में पिछले 24 सालों में हजारों लोगों की समस्याओं का मां के आशीर्वाद से निवारण हुआ है। यहां उदयपुर के अलावा बाहर से भी भक्त आते हैं। प्रति शुक्रवार की शाम को भी यहां समस्या का निवारण होता है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।